an>

Title: Need to re-open Mica Mine Labour Welfare Hospital in Kodarma Parliamentary Constituency, Jharkhand.

श्री रवीन्द्र कुमार राय (कोडरमा) : मेरे संसदीय क्षेत्र कोडरमा में अभ्रक खान श्रमिक कल्याण केन्द्रीय चिकित्सा केन्द्र स्थित है। करोड़ों रूपये की लागत से बना अस्पताल परिसर जिससे सैंकड़ों मजदूर लाभान्वित होते थे, वर्तमान समय में यह अस्पताल परिसर लगभग बीस वर्षों से उजाड़ की स्थिति में पड़ा है। यहाँ पर नाम मात्र के केवल तीन चिकित्सक लगभग 20 वर्षों से हैं। स्थानीय मजदूरों द्वारा यहाँ पर सुविधाएँ बढ़ाने हेतु कई बार धरना-प्रदर्शन भी किए जा चुके हैं। यह अस्पताल पूर्व में काफी प्रसिद्ध था, लेकिन आज इसका भवन खण्डहर जैसी स्थिति में है।

अतः मेरा माननीय श्रम एवं रोज़गार मंत्री जी से अनुरोध है कि इस अस्पताल को इ.एस.आई. के अधीनस्थ करते हुए इसका नवीनीकरण व आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने की कृपा की जाए।